भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 919
दिनांक 07 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

'पोषण भी पढ़ाई भी' योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्र

919. **श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 'पोषण भी पढ़ाई भी' योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों में पोषण संबंधी स्वस्थ आदतें विकसित करने के लिए आवंटित और उपयोग किए गए बजट और उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में इस योजना के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए कोई विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या उक्त योजना के तहत बच्चों के समग्र विकास की प्रक्रिया की निगरानी के लिए कोई तंत्र या निकाय स्थापित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) पोषण भी पढ़ाई भी (पीबीपीबी) पहल के तहत वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2025-2026 के दौरान आंगनवाड़ी सेवा योजना के तहत राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों (सीडीपीओ, पर्यवेक्षकों और अतिरिक्त संसाधन व्यक्तियों) और आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) के प्रशिक्षण के लिए कुल 476.05 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

पीबीपीबी के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) को कुपोषण से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है: गंभीर रूप से तीव्र कुपोषित (एसएएम), मध्यम रूप से तीव्र कुपोषित (एमएएम) और बच्चों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी। पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (निपसिड) द्वारा एक सुविधा मार्गदर्शिका तैयार की गई है। प्रशिक्षण के दौरान संतुलित आहार और बच्चों में फलों तथा सब्जियों के अधिक सेवन के साथ स्वस्थ आदतों को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाता है। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) में बच्चों को सिखाई जाने वाली स्वच्छता और सफाई की आदतें भी शामिल हैं। बच्चों में अच्छी पोषण संबंधी आदतों को विकसित करने के लिए उनके विकास में माता-पिता और समुदाय को शामिल करने का महत्व भी कार्यक्रम का एक हिस्सा है।

(ख) पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को तीन दिवसीय कार्यक्रम अनुसूची (18 घंटे की अवधि) के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) प्रशिक्षण दिया जाता है। विशेष प्रशिक्षण सत्रों में शामिल हैं - "नवचेतना- जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था प्रोत्साहन हेतु राष्ट्रीय रूपरेखा, 2024" और "आधारशिला- तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम 2024"। प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र में ई.सी.सी.ई. के लिए खेल आधारित गतिविधियों तथा ई.सी.सी.ई. के लिए साप्ताहिक खेल आधारित कैलेण्डर पर मुख्य बल दिया जाता है। पोषण घटक में बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल शामिल हैं: बच्चों में एसएएम, एमएएम और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी; बच्चों (0-6 वर्ष) के लिए पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता और सफाई तथा आहार संबंधी दिशानिर्देश; विकास निगरानी और पोषण ट्रैकर तथा ईसीसीई और पोषण के लिए माता-पिता की सहभागिता और सामुदायिक जुटाव। दिव्यांग बच्चों- स्क्रीनिंग, समावेशन और रेफरल को शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।

देश भर में 2 फरवरी, 2025 तक कुल 31,114 राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों (एसएलएमटी) और 145,481 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों (एडब्ल्यूडब्ल्यू) को पोषण भी पढ़ाई भी के तहत प्रशिक्षित किया गया है। राजस्थान में पीबीपीबी के तहत 1644 एसएलएमटी और 18,690 आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रशिक्षित किया गया है।

(ग) उक्त योजना अर्थात पीबीपीबी के अंतर्गत बच्चों के समग्र विकास की प्रक्रिया की निगरानी के लिए, पोषण ट्रैकर का उपयोग किया जाता है जो आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने

के लिए एक महत्वपूर्ण नियमन उपकरण है। यह 24 भाषाओं में उपलब्ध है। आंगनवाड़ी व्यवस्था में पहली बार, पोषण संकेतकों पर आधारभूत आंकड़े पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध है जिसमें पोषण प्रदायगी (घर ले जाने के लिए राशन/पका हुआ गर्म भोजन) की निगरानी और वास्तविक समय के आधार पर विकास माप शामिल है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को दीर्घकालिक रूप से अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए, आधारशिला के प्रावधानों जैसे साप्ताहिक गतिविधि कार्यक्रम, गृह भ्रमण मार्गदर्शन, बाल विकास पर नज़र रखने के लिए मूल्यांकन उपकरण आदि को पोषण ट्रैकर में शामिल किया गया है। इनमें बच्चों के साथ सरल खेल-आधारित शिक्षण गतिविधियां संचालित करने के तरीके पर वीडियो के रूप में दैनिक कार्यस्थल पर दी जाने वाली सलाह शामिल है। पोषण ट्रैकर पोर्टल पर 230 अद्वितीय वीडियो के साथ कुल 432 वीडियो स्लॉट अपलोड किए गए हैं। इसमें 1008 गतिविधि विवरण, 1008 दैनिक पीडीएफ और दैनिक वॉयस नोट स्लॉट भी अपलोड किए गए हैं। सामग्री, विकास के 6 क्षेत्रों पर केंद्रित है जिसमें आधारभूत साक्षरता, संख्यात्मकता और इंटरैक्टिव गतिविधियां शामिल हैं।

****